भारत सरकार
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या: 3527
13 मार्च**, 2026** को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

स्वास्थ्य क्षेत्र में सुरक्षित एआई और ओपन डेटा प्लेटफॉर्म

+**3527.**श्री वी**.** के**.** श्रीकंदनः
श्री जय प्रकाशः

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने दो डिजिटल स्वास्थ्य पहल शुरू की हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ख) क्या सरकार का विचार भविष्य में सिक्योर एआई फॉर हेल्थ इनिशिएटिव और बेन्चमार्किंग ओपन डेटा प्लेटफॉर्म फॉर हेल्थ एआई जैसे किसी ढांचे या बेंचमार्क को लागू करने का है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या दो नई पहलों सिक्योर एआई फॉर हेल्थ इनिशिएटिव और बेन्चमार्किंग ओपन डेटा प्लेटफॉर्म फॉर हेल्थ एआई का सृजन सरकार और शिक्षा जगत के मध्य सहयोग से किया गया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(घ) क्या सरकार का विचार भारत में स्वास्थ्य क्षेत्र को बढ़ाने और मजबूत करने के लिए किसी व्यापक रोडमैप को तैयार करने और लागू करने का है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री प्रतापराव जाधव**)**

(क) से (घ): स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने दिनांक 17 फरवरी, 2026 को इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट के दौरान 'भारत में स्वास्थ्य सेवा में एआई के लिए कार्यनीति' (एसएएचआई) और 'स्वास्थ्य एआई के लिए बेंचमार्किंग ओपन डेटा प्लेटफॉर्म' (बीओडीएच) का शुभारंभ किया। एसएएचआई भारत की स्वास्थ्य सेवा प्रणाली में एआई को सुरक्षित, नैतिक, साक्ष्य-आधारित, जिम्मेदार और समावेशी रूप से अपनाने एवं सक्षम बनाने हेतु एक राष्ट्रीय मार्गदर्शन रूपरेखा है। 'स्वास्थ्य एआई के लिए बेंचमार्किंग ओपन डेटा प्लेटफॉर्म' (बीओडीएच) बड़े पैमाने पर परिनियोजन पूर्व एआई समाधानों के परीक्षण और बेंचमार्किंग के लिए एक संरचित तंत्र प्रदान करता है। एसएएचआई को शिक्षा जगत सहित स्वास्थ्य सेवा पारिस्थितिकी तंत्र के सभी प्रमुख हितधारकों के साथ गहन परामर्श के उपरांत विकसित किया गया है। इसके अतिरिक्त, बीओडीएच को भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, कानपुर के सहयोग से विकसित किया गया है।

******